# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : वसंत

Chapter : 5

Chapter Name : चिट्ठियों की अनोखी दुनिया

Q1 पत्र जैसा संतोष फ़ोन या एसएमएस का संदेश क्यों नहीं दे सकता?

Answer – पत्र जैसा संतोष फ़ोन या एसएमएस का संदेश नहीं दे सकता क्योकि फ़ोन या एसएमएस के द्वारा प्राप्त संदेशो को लोग जल्दी ही भूल जाते हैं | लेकिन पत्रों को सहेजकर रख लेते हैं | दुनिया का साहित्य पत्रों पर ही केंद्रित हैं और राजनीति, साहित्य तथा कला के क्षेत्रों में तमाम विवाद और नयी घटनाओं की जड़ भी पत्र ही होते हैं|

Page : 27, Block Name : पाठ से

Q2 पत्र को खत, कागद, उत्तरम्, जाबू, लेख, कडिद, पाती, चिट्ठी इत्यादि कहा जाता है। इन शब्दों से संबंधित भाषाओं के नाम बताइए।

Answer. पत्र को उर्दू में ख़त, कन्नड़ में कागद, तेलुगु में उत्तरम, जाबू और लेख, तमिल में कडिद, हिंदी में चिट्ठी और पाती कहा जाता हैं|

Page : 27, Block Name : पाठ से

Q3 पत्र लेखन की कला के विकास के लिए क्या - क्या प्रयास हुए? लिखिये|

Answer. पत्र लेखन की कला के विकास के लिए स्कूली पाठ्यक्रमों में पत्र लेखन का विषय शामिल किया गया| विश्व डाक संघ की ओर से 1972 में 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों के लिए पत्र लेखन प्रतियोगितायें आयोजित करने का सिलसिला शुरू किया गया|

Page : 27, Block Name : पाठ से

Q4 पत्र धरोहर हो सकते हैं लेकिन एसएमएस क्यों नहीं? तर्क सहित अपना विचार लिखिये|

Answer – पत्र लिखित रूप में होते हैं और हम इन्हें आसानी से सहेजकर रख सकते हैं| दुनिया के तमाम संग्रहालय जानी मानी हस्तियों के पत्रों का अनूठा संकलन हैं | एसएमएस संदेशो को सहेजकर नहीं रख सकते और जल्दी ही भूल जाते हैं|

Page : 27, Block Name : पाठ से

Q5 क्या चिट्ठियों की जगह कभी फैक्स, ई-मेल, टेलीफोन तथा मोबाइल ले सकते हैं?

Answer. चिट्ठियों की जगह कभी फैक्स, ई-मेल, टेलीफोन तथा मोबाइल नहीं ले सकते| चिट्ठियों में संवेदनाये होती हैं, आत्मीयता झलकती हैं| फैक्स, ई-मेल, टेलीफोन, मोबाइल सिर्फ काम - काज के वक्त ही प्रयोग किये जाते हैं|

Page : 27, Block Name : पाठ से

aglasem.com

Q1 किसी के लिए बिना टिकट सादे लिफ़ाफ़े पर सही पता लिखकर पत्र बैरंग भेजने पर कौन-सी कठिनाई आ सकती है? पता कीजिए।

Answer. किसी के लिए बिना टिकट सादे लिफ़ाफ़े पर सही पता लिखकर पत्र बैरंग भेजने पर पत्र प्राप्त करने वाले को टिकट की राशि जुर्माने के रूप में देनी पड़ती हैं|

Page : 27, Block Name : पाठ से आगे

Q2 पिन कोड भी संख्याओं में लिखा गया एक पता है, कैसे?

Answer. पिन कोड का पूरा अर्थ हैं पोस्टल इंडेक्स नंबर| यह छः अंको का होता हैं| हर अंक पते की स्तिथि को बताता हैं| पहला अंक राज्य, दूसरा और तीसरा अंक उपक्षेत्र, बाकि अंक डाकघर के होते हैं| अतः पिन कोड से राज्य, शहर का पता चल जाता हैं|

Page : 28, Block Name : पाठ से आगे

Q3 ऐसा क्यों होता था कि महात्मा गांधी को दुनिया भर से पत्र 'महात्मा गांधी-इंडिया' पता लिखकर आते थे?

Answer. गाँधीजी देश के सबसे लोकप्रिय व्यक्ति थे| वे हमेशा भ्रमण पर रहते थे| महात्मा गांधी को दुनिया भर से पत्र 'महात्मा गांधी-इंडिया' पता लिखकर आते थे ताकि वो किसी भी जगह हो उनको वो पत्र मिल सके|

Page : 28, Block Name : पाठ से आगे

aglasem.com

Q1 किसी प्रयोजन विशेष से संबंधित शब्दों के साथ पत्र शब्द जोड़ने से कुछ नए शब्द बनते हैं, जैसे-प्रशस्ति पत्र, समाचार पत्र। आप भी पत्र के योग से बननेवाले दस शब्द लिखिए।

Answer.

I. निमंत्रण पत्र
II. प्रेम पत्र
III. त्याग पत्र
IV. नियुक्ति पत्र
V. प्रार्थना पत्र
VI. साप्ताहिक पत्र
VII. सरकारी पत्र
VIII. वार्षिक पत्र
IX. दैनिक पत्र
X. साहित्यिक पत्र

Page : 28, Block Name : भाषा की बात

Q2 'व्यापारिक' शब्द व्यापार के साथ 'इक' प्रत्यय के योग से बना है। इक प्रत्यय के योग से बनने वाले शब्दों को अपनी पाठ्यपुस्तक से खोजकर लिखिए।

Answer.

I. साहित्यिक
II. स्वाभाविक
III. ऐतिहासिक
IV. माध्यमिक
V. सांस्कृतिक
VI. दैनिक
VII. प्राकृतिक
VIII. आर्थिक
IX. पारिश्रमिक
X. पौराणिक

Page : 29, Block Name : भाषा की बात

Q3 दो स्वरों के मेल से होने वाले परिवर्तन को स्वर संधि कहते हैं; जैसे- रवीन्द्र = रवि + इन्द्र। इस संधि में इ + इ = ई हुई है। इसे दीर्घ संधि कहते हैं। दीर्घ स्वर संधि के और उदाहरण खोजकर लिखिए। मुख्य रूप से स्वरसंधियाँ चार प्रकार की मानी गई हैं- दीर्घ, गुण, वृद्धि और यण।

ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ के बाद ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, आ आए तो ये आपस में मिलकर क्रमशः दीर्घ आ, ई, ऊ हो जाते हैं, इसी कारण इस संधि को दीर्घ संधि कहते हैं; जैसे- संग्रह + आलय = संग्रहालय, महा + आत्मा = महात्मा।

इस प्रकार के कम-से-कम दस उदाहरण खोजकर लिखिए और अपनी शिक्षिका/शिक्षक को दिखाइए।

Answer.

I. हिमालय = हिम + आलय (अ + आ)
II. भोजनालय = भोजन + आलय (अ + आ)
III. सूर्य + उदय = सूर्योदय (अ + उ)
IV. विद्यालय = विद्या + आलय (आ + आ)
V. सदा + एव = सदैव (आ+ ए)
VI. सु + इच्छा = स्वेच्छा ( उ + इ)
VII. गुरूपदेश = गुरू + उपदेश (उ + उ)
VIII. विद्या + अर्थी = विद्यार्थी(आ + अ)
IX. गिरि + ईश = गिरीश (इ + ई)
X. महा + आत्मा = महात्मा।

aglasem.com

Page : 29, Block Name : भाषा की बात

aglasem.com